भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग
प्रधान महालेखाकार का कार्यालय अरुणाचल प्रदेश
INDIAN AUDIT AND ACCOUNTS DEPARTMENT
OFFICE OF THE PRINCIPAL ACCOUNTANT GENERAL ARUNACHAL PRADESH

Azadi Ka Amrit Mahotsav

सं.-एजी/एपी/प्रशासन/राजभाषा/2023-24/408

दिनांक:-23/08/2023

परिपत्र 68

विषय:- प्रतिनियुक्ति के आधार पर हिंदी अधिकारी के रिक्त पदों को भरने के संदर्भ में।

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अंतर्गत इस कार्यालय में एक हिंदी अधिकारी (लेवल 08) का पद प्रतिनियुक्ति पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह प्रतिनियुक्ति लेखा तथा लेखा परीक्षा के अंतर-विभागीय प्रतिनियुक्ति की सामान्य शर्तों पर आधारित होगी और आरंभ में दो वर्ष के लिए होगी।

पात्रता के मापदडों को पूर्ण करने वाले इच्छुक उम्मीदवार अपने बायो-डाटा प्रतिलिपि संलग्न सहित अपने आवेदन विभागाध्यक्ष के माध्यम से इस कार्यालय को भेज सकते हैं।

हिंदी अधिकारी :- वर्ग 'ख' राजपत्रित, पे लेवल - 08

पात्रता:- केंद्रीय सरकार के अधीन ऐसे कर्मचारी जो:-

(क) (1) समतुल्य पद धारित करते हो

या

(2) लेवल-7 या समतुल्य वेतनमान के पदों पर 3 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो

या

(3) लेवल-6 या समतुल्य वेतनमान के पदों पर 8 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो

(ख) और निम्नलिखित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता हो:-

(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से स्नातक स्तर पर एक विषय के रुप में अग्रेजी के साथ हिन्दी में स्नातकोत्तर या समतुल्य

या

(2) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से स्नातक स्तर पर एक विषय के रुप में हिंदी के साथ अंग्रेजी में स्नातकोत्तर या समतुल्य

या

(3) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से स्नातक स्तर पर माध्यम के रुप में अग्रेजी के साथ हिन्दी माध्यम या हिन्दी एक विषय के तौर पर, में स्नातकोत्तर या समतुल्य

या

(4) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से स्नातक स्तर पर माध्यम के रुप में हिंदी के साथ अंग्रेजी माध्यम या अंग्रेजी एक विषय के तौर पर, में स्नातकोतर या समतुल्य

(ग) हिंदी की पारिभाषिक शब्दावली कार्य का और/अंग्रेजी से हिंदी में तथा हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का पाँच वर्ष का अनुभव, तकनिकी या वैज्ञानिक साहित्य और वित्त बजट या प्रशासनिक कार्य का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जायेगी,

या

5 वर्ष के अध्यापन, शोध, लेखन या पत्रकारिता का अनुभव।

वांछनीय:-

1.संस्कृत या किसी आधुनिक भारतीय भाषा का ज्ञान

2.प्रशासनिक अनुभव

3.टिप्पणी और प्रारुपण की हिंदी कक्षाएं या कार्यशाला आयोजित करने का अनुभव

इच्छुक कर्मचारी/अधिकारी अपने कार्यालयों के माध्यम से आवेदन पत्र भेजें। साथ में आवेदक के पाँच वर्ष के ए पी ए आर की कापियाँ संलग्न होनी चाहिएँ तथा सतर्कता/विभागीय जाँच क्लीएरेंस प्रमाण पत्र भी आवश्यक है। इस कार्यालय में आवेदन पहुचने की अंतिम तिथि **25/09/2023** निर्धारित की गई है। निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

(प्राधिकार:- प्रधान महालेखाकार का आदेश दिनांक: 23/08/2023)

प्रतिलिपि सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाती है:-

1. **प्रधान महालेखाकार के निजी सचिव**
2. **उप महालेखाकार (प्रशासन) के वैयक्तिक सहायक**
3. **उप महालेखाकार (लेखा परीक्षा) के वैयक्तिक सहायक**
4. **सभी शाखा अधिकारी**
5. **महा निदेशक (राजभाषा) भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक, नई दिल्ली**
6. **भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा विभाग के सभी विभागाध्यक्ष (डाक सूची के अनुसार)**
7. **इस कार्यालय की वेबसाइट**
8. **सूचना पट्ट**

23.8.23

उप महालेखाकार (प्रशासन)

मौब-II, ईटानगर – ७९१ १११ | Mowb-II, Itanagar- 791 111

फोन: ०३६०-२९५४४६३, २९५४४६४ | ई-मेल: agarunachalpradesh@cag.gov.in

Phone: 0360-2954463, 2954462 | E-mail: agarunachalpradesh@cag.gov.in

बायो डाटा प्रपत्र

1. अधिकारी/कर्मचारी का नाम :-

2. पैतृक कार्यालय का नाम और वर्तमान पद का पदनाम :-

3. वर्तमान वेतन/वेतन बैंड/ग्रेड वेतन :-

4. वर्तमान वेतन/वेतन बैंड/ग्रेड वेतन में कब से कार्यरत हैं :-

5. जन्म तिथि

6. सेवा में नियुक्ति की तिथि

7. वर्तमान ग्रेड में पदोन्नति की तिथि

8. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण सहित)

9. अनुभव (प्रमाण सहित)

दिनांक :-

स्थान :-

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त विवरण कार्यालय के रिकोर्ड के अनुसार सही है।

कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर मुहर सहित,

नाम:-

पदनाम :-